Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **डूँगरपुर में पुलिस थाना चौरासी का हैड कानिस्टेबल 7 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *17 जुलाई, बुधवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की डूँगरपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **कारूलाल यादव हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना चौरासी मुख्यालय झोथरी, जिला डूँगरपुर** को परिवादी से **7 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की डूँगरपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमें में मदद करने की एवज में आरोपी कारूलाल यादव हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना चौरासी मुख्यालय झोथरी, जिला डूँगरपुर द्वारा **10 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी की डूँगरपुर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री रतन सिंह राजपुरोहित** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी कारूलाल यादव हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना चौरासी मुख्यालय झोथरी, जिला डूँगरपुर को परिवादी से **7 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी जयपुर की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135—02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**